# BPSC MENTORSHIP
## Current Affairs Capsule 13

**1. जूस मिशन**

- 14 अप्रैलए 2023 को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पति और उसके बर्फीले चंद्रमाओं अर्थात् गैनीमेड, कैलिस्टो तथा यूरोपा की जानकारी प्राप्त करने के लिए 'ज्यूपिटर आइसी मून्स एक्सप्लोरर (जूस/JUICE) मिशन' की शुरुआत की है।
- इसे एरियन 5 लॉन्चर के ज़रिये फ्रेंच गुएना से लॉन्च किया गया, यह मिशन वर्ष 2034 गैनीमेड की कक्षा में प्रवेश करेगा।

**2. प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष**

- 09 अप्रैल, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैसूर, कर्नाटक में मैसूर विश्वविद्यालय में "प्रोजेक्ट टाइगर" के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
- इसके साथ ही इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) का भी शुभांरभ किया गया।
- इस अवसर पर टाइगर रिज़र्व के प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन के अखिल भारतीय बाघ अनुमान (5वाँ चक्र) की सारांश रिपोर्ट जारी की।
- इसके अनुसार देश में बाघों की संख्या बढ़कर 3167 हो गई है।
- वर्ष 2022 बाघों की सर्वाधिक मौतें मध्य प्रदेश में 34 और दूसरे नम्बर पर 15 मौतों के साथ कर्नाटक है।
- भारत में विश्व के 75 प्रतिशत बाघों की आबादी रहती है।

**3. TEMPO उपकरण**

- 07 अप्रैल, 2023 को नासा ने क्षोभमंडलीय उत्सर्जन प्रदूषण निगरानी उपकरण को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है, जो प्रमुख वायु प्रदूषकों की निगरानी करता है।
- टेम्पो अमरीका का पहला अंतरिक्ष आधारित उपकरण होगा।

**4. भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023**

- भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा कैबिनेट समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है।
- यह नीति अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को संस्थागत बनाना चाहती है।
- यह नीति भविष्य में भारत को वैश्विक अंतिरक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक एवं भारत का उपग्रह-निर्माण वर्ष 2025 तक 3-2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढाने में मदद करेगी।

**5. संयुक्त सैन्य अभ्यास : कवच**

- 05 अप्रैल, 2023 को, अंडमान और निकोबार कमांड जो भारत की एकमात्र त्रि-सेवा इकाई है, ने अभ्यास कवच नामक एक सहयोगी सैन्य अभ्यास आयोजित किया। अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) का मुख्यालय पोर्ट ब्लेयर है।
- भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, और तटरक्षक बल के हथियारों और उपकरणों का उपयोग "एक्स-कवच" में भाग लेने वाले सैनिकों द्वारा किया गया।

**6. ऑपरेशन कावेरी**

- 24 अप्रैल, 2023 को विदेश मंत्री एक जयशंकर ने युद्धग्रस्त सूडान में फंसे अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए "ऑपरेशन कावेरी" शुरू किया है।
- निकासी प्रक्रिया के बीच, दो भारतीय वायु सेना C-130J को जेद्दाह में स्टैंडबाय पर रखा गया है और आईएनएस सुमेधा पोर्ट सूडान में है।
- भारतीय दूतवास की वेबसाइट के अनुसार, सूडान में लगभग 2,800 भारतीय नागरिक हैं।

**7. अपतटीय सुरक्षा अभ्यास : प्रस्थान**

- भारतीय नौसेना, अन्य रक्षा, राज्य और नागरिक एजेंसियों ने एक समन्वित अभ्यास "प्रस्थान" आयोजित किया है।
- 06 अप्रैल, 2023 को यह अभ्यास महाराष्ट्र के मुंबई के अपतटीय विकास क्षेत्र में आयोजित किया गया।

- भारतीय नौसेना प्रत्येक 06 महीने में अपतटीय सुरक्षा अभ्यास "प्रस्थान" का आयोजन किया जाता है।
- इस अभ्यास में ऑइल प्लेटफॉर्म में आग लगने से जहाज़ पर आदमी के गिर जाने, क्षेत्र में तेल रिसाव, खतराक गैस रिसाव, अपतटीय क्षेत्र में एक विकलांग जहाज की सहायता करने जैसी आकस्मिकताओं का मुकाबला करने के लिए कारवाई की गई।

## 8. फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2023 रिपोर्ट

- फ्रीडम हाउस द्वारा 'फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2023 रिपोर्ट' शीर्षक वाली रिपोर्ट का 50वाँ संस्करण जारी किया गया है और इसमे तिब्बत, दक्षिण सूडान और सीरिया को विश्व में 'मुक्त नहीं देशों' के रूप में पहचाना है।
- 2021 और 2022 के बाद यह लगातार तीसरा वर्ष है जब तिब्बत को सूची में सबसे नीचे स्थान दिया गया है।
- भारत 66 के स्कोर साथ आंशिक रूप से मुक्त श्रेणी में है और कश्मीर को 27 स्कोर दिया गया है।

## 9. द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023 जिसका शीर्षक 8 बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज : द केस फॉर राइट्स है, जिसे 19 अप्रैल, 2023 को जारी किया गया।
- इसके अनुसार भारत की जनसंख्या 14,28.6 मिलियन है, जबकि चीन की जनसंख्या 1,425.7 मिलियन है।
- भारत की जनसंख्या में चनी की तुलना में 2.9 मिलियन की वृद्धि हो गई है।

## 10. जल निकायों की पहली गणना

- जल शक्ति मंत्रालय ने देश के जल संसाधनों के विषय में महत्त्वपूर्ण अंतदृष्टि प्रदान करते हुए जल निकायों की पहली गणना रिपोर्ट जारी की।
- जल निकायों की गणना वर्ष 2017-18 के लिये छठी लघु सिंचाई संगणना के संयोजन में की गई थी।
- गणना में देश-भर में कुल 24,24,540 जल निकायों की गणना की गई।
- पश्चिम बंगाल सबसे अधिक (7.47 लाख) उसके बाद उत्तर प्रदेश (2.45 लाख) दूसरा और आंध्र प्रदेश (1.90 लाख) तीसरा राज्य है।

## 11. गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार-2023

- 24 अप्रैल, 2023 को एलेसेंड्रा कोराप को ब्राजील में अमेजॅन वर्षावन की रक्षा के लिये गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कर की रक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिय समर्पित है।

## 12. पटना मेट्रो परियोजना

- वित्त मंत्रलय के आर्थिक मामलो के विभाग के अतिरिक्त सचिव रजत कुमार मिश्रा और भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी के बीच मार्च, 2023 के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- इसके तहत जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी बिहार की राजधानी पटना में बन रहे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए 5,509 करोड़ रुपये प्रदान करेगी।

## 13. तुलसी घाट बहाली परियोजना

- भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के कंपाला में अपने तीन दिन के दौर के दौरान वाराणसी की तुलसी घाट रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की है।
- जयशंकर ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी-युगांडा की पहल की सराहना की, जो विश्व के सबसे पुराने जीवित शहर को और सुंदर बनाने में योगदान देता है।
- युगांडा को आफीका की ओर से वर्ष 2022 से 2025 के लिए गुटनिरपेक्ष आंदोलन की अध्यक्षता करने के लिए भारत ने समर्थन दिया था।

## 14. AAPPI और AHSSOOH परियोजना

- 14 अप्रैल, 2023 को, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी के केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला ने दे महत्त्वपूर्ण पहलों पशु महामारी की तैयारी पहल और एनिमल हेल्थ सिस्टम सपोर्ट फॉर वन हेल्थ परियोजना का शुभारंभ किया।
- भारत के राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन के तहत, नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में हुआ और यह पहल विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित होगी।
- यह पहल का उद्देश्य जानवरों और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा पैदा करने वाले जूनोटिक रोगों पर ध्यान देने के साथ पशु महामारी के लिए भारत की तैयारी और प्रतिक्रिया को बढ़ाना है।

## 15. Bhoroxa ऐप

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला सुरक्षा के लिए ऐप लॉन्च किया है, जिसे गुवाहाटी हाईकोर्ट ने डेवलप किया है।
- संकट की स्थिति में महिलाएँ इस ऐप से जियो लोकेशन के साथ इमरजेंसी कॉटैक्ट नंबरों पर एसओएस मेसेज भेज सकेगी और फोन शेक कर कॉल कर सकेगी।
- ऐप की मुख्य विशेषताओं में से एक, मदद माँगने वाली महिलाओं के लिए 181 हेल्पलाइन नंबर है।
- "भोरोक्स" मोबाइल ऐप का लॉन्च गुवाहाटी उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह का एक हिसा राह, जहाँ 05 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा एक स्मारक डाक टिकट किया गया।